तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज घेवरराम बनाम लो.सू.अ. (उपखण्ड अधिकारी लूणी) सू.अ.अ. अपील संख्या 133 / 2020	नं0 व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
24.09.20	अपीलार्थी घेवरराम पुत्र रामाराम, निवासी म.नं. 161 गणेश विहार, सांगरिया चौराया पाललिंक रोड़, जोधपुर ने सूचना का अधिकार के तहत प्रार्थना–पत्र दिनांक 25.06..20 में उसके द्वारा (1) उपखण्ड मजिस्ट्रेट लूणी के आदेश दिनांक 09.05.2018 के द्वारा ग्राम सुबदंड के ख.नं. 160, 160 / 1, 161 के बीच पत्थरगढी का आदेश एवं तहसीलदार लूणी को दिये गये निर्देश की प्रमाणित प्रति, से संबंधित सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (उपखण्ड अधिकारी लूणी) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील दर्ज रजिस्टर कर रेस्पो.पक्ष (उपखण्ड अधिकारी लूणी) से तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी गई। अपीलार्थी अनुपस्थित। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। लो.सू.अ..(उपखण्ड अधिकारी लूणी) से आदिनांक तक रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई अतः अपील स्वीकार की जाती है तथा लोक सूचना अधिकारी (उपखण्ड अधिकारी लूणी) को निर्देशित किया जाता है कि अपीलार्थी द्वारा चाही गई सूचना के बारे में प्रार्थी को 15 दिवस में उपलब्ध करावे, अन्यथा सूचना नहीं दिये जाने के कारणों से प्रार्थी को अवगत कराया जाय। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया।	

Signature Not Verified
Digitally signed by Anop Singh Ind
Date: 2020.10.20 12:33:33 IST
Reason: SelfAttested